पेज थ्री देहरादून

देहरादून, शुक्रवार 1 नवंबर, 2019

# हमारा दून



विधायक गणेश जोशी रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।



# पटेल के 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का सपना हो रहा साकारः सीएम

## रैतिक परेड

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने गुरूवार को पुलिस लाईन, देहरादून में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आयोजित रैतिक परेड में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने परेड का निरीक्षण किया व राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर क्लेमेंटाउन थाना को सर्वश्रेष्ठ थाना चयनित होने पर सम्मानित किया गया। पुलिस के अधिकारियों को उत्कृष्ट कार्यों एवं विवेचना के लिए सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि देश की आजादी के बाद देशी रियासतों के एकीकरण में लोह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की अहम भूमिका रही। आजादी के बाद अंग्रेज भारत को छोड़कर तो चले गये थे, लेकिन उन्होंने देश को अनेक रियासतों में बांट दिया। देश की एकता और अखण्डता के लिए लिये सरदार

### पुलिस लाइन में रैतिक परेड का भव्य आयोजन, सीएम ने किया परेड का निरीक्षण

### क्लेमनटाउन थाना को सर्वश्रेष्ठ थाना चयनित होने पर सम्मानित किया गया



पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेते सीएम।

पटेल ने रियासतों का एकीकरण कर अंग्रजों के सपने को चकनाचूर किया। सरदार पटेल जी का किसानों के लिए भी अद्बितीय चिंतन रहा। उनका मानना था कि बिना किसानों के भारत की कल्पना नहीं की जा सकती।

प्रशासनिक क्षेत्र के अलावा उनका अन्नपूर्ण भारत के लिए विशेष चिंतन रहा। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रयासों से सरदार पटेल जी के 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का सपना साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह वर्ष जम्मू–कश्मीर की धारा 370 से आजादी का वर्ष भी है। जम्मू–कश्मीर और लद्दाख का भविष्य उज्ज्वल दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि जब सरदार पटेल अहमदाबाद के मेयर थे, तब उन्होंने 222 दिन तक स्वच्छता को लेकर अभियान चलाया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने का आह्वाहन किया है। सरदार पटेल जी का जीवन आदर्श हमें हमेशा प्रेरित करता रहेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नैनीताल में ज्योलिकोट के पास पुलिस वाहन दुर्घटना में मृतक पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन पुलिस कर्मियों के परिवारजनों को राज्य सरकार द्वारा हर सम्भव मदद दी जायेगी। पुलिस महानिदेशक अनिल कुमार रतूड़ी ने कहा सरदार पटेल ने भारत के प्रथम गृह मंत्री बनने के बाद देशी रियासतों के विलय एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए हमें देश की अखण्डता व सम्प्रभुता को अक्षुण्ण रखते हुए कार्य करना होगा। उत्तराखण्ड पुलिस राज्य एवं देश को अक्षुण्ण रखने का पूरा प्रयास करेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई

**संवाददाता** देहरादून। सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर अपर मुख्य सचिव ओम प्रकाश ने गुरूवार को सचिवालय में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। अपर मुख्य सचिव ने इस अवसर पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' की शपथ भी दिलाई। उन्होंने सभी को सत्यनिष्ठा से राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं देश की आंतरिक सुरक्षा में अपना योगदान देने का भी आह्वान किया।

### पटेल जयंती पर एफआरआई में एकता दौड़ आयोजित

**संवाददाता** देहरादून। वन अनुसंधान संस्थान में सरदार वल्लभ भाई पटेल जी का 144वां जन्मदिवस मनाया गया। इस अवसर पर वन अनुसंधान संस्थान के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण दीक्षान्तगृह में एकत्रित हुए। सर्वप्रथम निदेषक, वन अनुसंधान संस्थान अरुण सिंह रावत ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उन्होने इस संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता एवं इसकी आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने के लिए कार्य करने हेतु शपथ दिलाई। वन अनुसंधान संस्थान के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एकता हेतु दौड के रूप में मुख्य भवन का चक्कर लगाकर मार्च किया।

### कला एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित

**(संवाददाता)**
देहरादून/ऋषिकेश। नगर पालिका परिषद मुनीकीरेती ढालवाला द्वारा हुडको के सहयोग से पूर्णानंद इंटर कॉलेज में कला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। इमानदारी–एक जीवन शैली विषय पर आधारित चित्र कला एवं निबंध प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

## विधायक जोशी बोले, सरदार पटेल ने किया भारत को अखण्ड

**संवाददाता** देहरादून। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 144वीं जयंती को भारतीय जनता पार्टी मसूरी द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस के रुप में मनाया गया। मसूरी विधायक गणेश जोशी की अगुवाई में भाजपा ने देहरादून के राजपुर स्थित जीआरडी एकेडमी में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम चलाया तथा छात्र–छात्राओं व पार्टी कार्यकर्ताओं को सरदार पटेल की जीवनी भी बतायी।

विधायक गणेश जोशी ने कहा कि अखण्ड भारत की परिकल्पना को पूर्ण करने का श्रेय सिर्फ लौह पुरुष पटेल को जाता है। उन्होनें कहा कि देश की 565 रियासतों को एकजोड़ करने के लिए देश के पहले गृह मंत्री ने दिन–रात एक कर दिया था, जिसका परिणाम अत्यधिक सफल रहा और भारत अखण्ड रुप से कार्य करने लगा। विधायक गणेश जोशी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को धन्यवाद प्रकट करते हुए कहा कि जम्मू–कश्मीर राज्य से धारा 370 हटाये जाने और इन्हें केन्द्र शासित प्रदेश बनाये जाना सरदार पटेल की 144वीं जयंती पर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होनें रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी विद्यार्थियों को धन्यवाद किया।

## उत्तराखंड में अब सहकारी समितियां बेचेंगी ऑनलाइन उत्पाद

**संवाददाता** देहरादून। वक्त के साथ चलने में ही समझदारी है। यह बात अब सहकारिता महकमे की समझ में आ गई है। इसके परिणामस्वरूप राज्यभर में बहुद्देश्यीय सहकारी समितियां अगले साल मार्च से उत्पादों की बिक्री ऑनलाइन करने लगेंगी। इस कड़ी में सभी 670 समितियों के डिजिटाइजेशन की मुहिम चल रही है। उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री को सिस्टम बनाया जा रहा है, जो आगामी मार्च से अस्तित्व में आ जाएगा। इससे जहां समितियों को अपने उत्पादों के बेहतर दाम मिलेंगे, वहीं राज्य के उत्पाद देश–दुनिया में आसानी से पहुंचेंगे। विभाग ने ऐसे करीब 250 उत्पादों की सूची भी तैयार की है। साथ ही समय के अनुरूप इनके आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित किया।

# उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में तापमान में इजाफा

## मौसम

■ दिन में धूप से मैदानी क्षेत्र में तापमान में बढ़ोत्तरी

देहरादून। **संवाददाता**

कभी बादल, कभी धूप। इस तरह ही उत्तराखंड के मौसम में बदलाव हो रहा है। धूल से जहां लोगों को सांस लेने में दिक्कत आ रही है, वहीं, दिन में धूप से मैदानी क्षेत्र में तापमान में बढ़ोत्तरी हो गई है।

गुरुवार की सुबह दून में कुछ देर धुंध रहने के बाद धूप निकल गई। वहीं, गढ़वाल के पर्वतीय इलाकों में भी सुबह से ही धूप रही। कुमाऊं में कहीं धुंघ, कहीं धूप तो कहीं कोहरा रहा। मौसम में बदलाव के चलते मैदानी इलाकों में सर्दी कुछ कम हो गई है। दून समेत मैदानी इलाकों के न्यूनतम तापमान में दो से पांच डिग्री सेल्सियस का इजाफा हुआ है। इससे ठंड कम महसूस हो रही है। बुधवार को दून का अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 28.3 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री अधिक 17.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

इसी तरह हरिद्वार के न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक 16.3 जबकि ऊधम सिंह नगर का न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक 17.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि आसमान में धुंध छाये रहने से न्यूनतम तापमान में बढ़ोत्तरी हुई है। अधिकतम तापमान सामान्य के आसपास बना हुआ है। अगले दो से तीन दिन के बाद न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की कमी आने का अनुमान है।

### धूल से बढ़ रही परेशानी

वायुमंडल में धूल के कण स्वास्थ्य के लिहाज से नुकसानदायक हैं। ये सांस के जरिये फेफड़ों तक पहुंचकर उन्हें नुकसान पहुंचा सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार धूल के कण दमा, अस्थमा और एलर्जी जैसी कई बीमारियों का कारण बनते हैं। दून मेडिकल कॉलेज के टीचिंग अस्पताल के श्वास रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. श्वेताभ पुरोहित के अनुसार हवा में धूल के कण श्वास रोगियों के लिए परेशानी पैदा कर रहे हैं। धूल के कण हवा के रास्ते सांस की नली में पहुंचते हैं, जिससे गला चोक हो जाता है।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Read News
Watch News Channel
Scan This Code

## समाज कल्याण विभाग संबद्धता विस्तार के पत्र दो-तीन वर्षो से समय से नहीं कर रहा जारी

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश में आरक्षित सीटों पर शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए स्कॉलरशिप के आवेदन की 31 अक्टूबर आखिरी तारीख रखी गई है। स्कॉलरशिप के आवंटन के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा कॉलेजों के संबद्धता विस्तार का पत्र अनिवार्य किया गया है। प्रदेश के विश्वविद्यालयों द्वारा संबंध कॉलेजों को संबद्धता विस्तार के पत्र पिछले दो–तीन वर्षों से समय से जारी नहीं किए जा रहे हैं जबकि विश्वविद्यालय द्वारा कॉलेजों का निरीक्षण समय से करवा लिया जाता है एवं निरीक्षण की रिपोर्ट मिलने के बाद भी संबद्धता विस्तरण के पत्र जारी करने में अनावश्यक देरी की जाती है। तकनीकी विवि एवं श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय से पिछले दो–तीन वर्षों से संबद्धता विस्तरण के पत्र संबंधित कॉलेजों को जारी नहीं हुए हैं।

### बैडमिंटन प्रतियोगिता 2 से 4 तकं

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड सचिवालय बैडमिंटन क्लब द्वारा स्व. प्रकाश पंत स्मृति अंतर्विभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 2 नवंबर से शुरु होगी।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।